RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 10 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 318 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक
Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# शरद पवार का बड़ा ऐलान !

## बारामती से बेटी सुप्रिया सुले को बनाया उम्मीदवार...

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस शरदचंद्र पवार पार्टी के मुखिया शरद पवार ने बारामती से अपनी बेटी और दो बार से सांसद सुप्रिया सुले को उम्मीदवार घोषित कर दिया है. शरद पवार की ओर से यह ऐलान पुणे के भोर इलाके में महाविकास अघाड़ी की ओर से हो रही एक सभा के दौरान किया गया. अमरावती सीट से सुप्रिया सुले के मैदान में उतरने के ऐलान के साथ ही यह हॉट सीट बन गई है.



सुप्रिया के नाम के ऐलान के बाद बारामती सीट पर एक ही परिवार के बीच में सियासी टकराव भी देखने को मिल सकता है. ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में एनसीपी अजित पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने मीडिया के सामने कहा था कि अगर सीट शेयरिंग में बारामती की सीट एनसीपी के कोटे में आई तो सुनेत्रा पवार मैदान में उतरेंगी. सुनेत्रा पवार जो कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी और सुप्रिया सुले की भाभी हैं.

**पहली बार पवार परिवार हो सकता है आमने-सामने**

ऐसे में सभी की नजरें महायुति में सीटों के लेकर हो रही चर्चा पर टिकी हुई हैं. अगर बारामती की सीट एनसीपी के कोटे में जाती है तो महाराष्ट्र की राजनीति में 50 साल में पहली बार ऐसा होगा जब पवार परिवार आमने सामने होगा. हालांकि, अभी तक बीजेपी और शिवसेना के साथ एनसीपी की सीट शेयरिंग को लेकर डील पक्की नहीं हुई है. सीटों पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे हुए थे.

**पिछले साल भतीजे ने छोड़ दिया चाचा का साथ**

दरअसल, शरद पवार की अगुवाई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में उस समय फूट पड़ गई जब पिछले साल अजित पवार अपने चाचा का साथ छोड़ते हुए एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए. पार्टी में दो फाड़ करने के बाद अजित पवार यहीं नहीं रुके, उन्होंने चुनाव आयोग में पार्टी के नाम और सिंबल पर भी अपना दावा ठोक दिया. चुनाव आयोग ने फैसला अजित पवार के हक में दिया. शरद पवार के हाथ से पार्टी भी चली और चुनाव चिन्ह भी चला गया.

### पवार परिवार में बढ़ गई हैं तल्खियां

**पार्टी में दो फाड़ होने के बाद से ही शरद पवार के परिवार में तल्खियां भी बढ़ीं. कई बार तो ऐसा भी देखने को मिला जब भरी सभा में अजित पवार अपने चाचा शरद पवार को राजनीति से रिटायरमेंट लेने की नसीहत तक देते हुए नजर आए. दूसरी ओर शरद पवार भी कई मौकों पर अजित पवार का बिना नाम लिए उन पर निशाना साध चुके हैं.**

# नवी मुंबई के पूर्व तहसीलदार पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज,

## 2 करोड़ से अधिक बेहिसाब प्रॉपर्टी

**नवी मुंबई :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) नवी मुंबई ने कथित तौर पर 2.22 करोड़ रुपये (आय से 84.20 प्रतिशत अधिक संपत्ति) से अधिक की बेहिसाब संपत्ति अर्जित करने के लिए पूर्व तहसीलदार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। इस साल अब तक एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के तीन मामले दर्ज किए हैं, जिसमें 3.87 करोड़ रुपये की संपत्ति शामिल है। आरोपी की पहचान एमके दलवी (49) तत्कालीन तहसीलदार (वर्तमान में निलंबित), तहसील कार्यालय, अलीबाग, रायगड़ जिले के रूप में हुई है। एसीबी के अधिकारी के मुताबिक, दलवी के खिलाफ नवंबर 2022 में अलीबाग पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधित 2018) के आरोप में मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद उनकी संपत्ति की जांच करने का आदेश दिया गया था।




अधिकारी ने कहा, संपत्ति की जांच के दौरान, यह पता चला है कि तहसीलदार एमके दलवी ने 2.22 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की है, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोत से 84.20 प्रतिशत अधिक है। इस संबंध में दलवी के खिलाफ गुरुवार को एपीएमसी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। एसीबी ने लोक सेवक द्वारा आपराधिक कदाचार और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अपराधों को बढ़ावा देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एजेंसी इस मामले के संबंध में दलवी के एक रिश्तेदार की भूमिका की भी जांच करेगी। सूत्रों ने कहा कि एसीबी दलवी और उनके रिश्तेदार की संपत्ति और बैंक खाते के विवरण की भी जांच करेगी।

# केईएम अस्पताल के डॉक्टर को ठगों ने लगाया 7.33 लाख का चूना !

## पुलिस बनकर अकाउंट किए खाली...

**मुंबई :** मुंबई के डॉक्टर को ठगों ने अपना शिकार बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक 27 साल की डॉक्टर साइबर ठगों ने 7.33 लाख रुपये की ठगी की है। रिपोर्ट के मुताबिक डॉक्टर मुंबई निगर निकाय द्वारा संचालित एक अस्पताल में अपनी सेवा देती हैं। उन्हें ठगों ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताकर ठगी को अंजाम दिया है। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ सेक्शन 419, 420, 465 और आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित केईएम अस्पताल में सीनियर डॉक्टर के तौर पर अपनी सेवा देती हैं और उनका नाम डॉ. ब्लेसी एस्थर है। उन्हें 29 फरवरी को एक अज्ञात नंबर से फोन आया और फोन करने



वाले ने खुद को एक कूरियर कंपनी का कर्मचारी बताया। कॉल करने वाले ने कहा कि मुंबई एयरपोर्ट पर ब्लेसी के नाम पर एक पार्सल आया है जिसमें पांच पासपोर्ट, तीन क्रेडिट कार्ड और 140 ग्राम ड्रग्स के अलावा कपड़े और लैपटॉप हैं। कॉल पर जब महिला डॉक्टर ने कहा कि उन्हें इस पार्सल के बारे में कोई जानकारी नहीं है तो कॉल पर कहा गया कि आपके खिलाफ पुलिस शिकायत की गई है।

इसके बाद डॉक्टर के पास एक वीडियो कॉल आया जिसमें मुंबई पुलिस के लोगो को देखकर उन्होंने यकीन कर लिया कि सच में उनके खिलाफ शिकायत हुई है और पार्सल उन्हीं के नाम पर आया है। वीडियो कॉल के दौरान डॉक्टर से बताया कि उनके नाम पर कई सारे बैंक अकाउंट भी चल रहे हैं और उन अकाउंट का इस्तेमाल आतंकियों की फंडिंग में हो रहा है। इसके बाद सभी अकाउंट को वेरिफाई करने और मामले को खत्म करने के लिए एक बार 48,000 रुपये और दूसरी बार 6.8 लाख रुपये ट्रांसफर कराए गए। ठगों ने पेमेंट कराने के लिए डॉक्टर के पास नवी मुंबई के आयुक्त मिलिंद भारम्बे के जाली हस्ताक्षर के साथ पुलिस उपायुक्त (साइबर) के लेटरहेड पर एक पत्र भी भेजा।

# 'मनसे और हमारा स्टैंड एक', राज ठाकरे के बयान पर डिप्टी सीएम फडणवीस ने दिए बड़े संकेत...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अपने एक बयान में कहा है कि भाजपा और मनसे के स्टैंड में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है और हम भी क्षेत्रीय गौरव में विश्वास रखते हैं। डिप्टी सीएम के इस बयान से राज ठाकरे की पार्टी के भाजपा के साथ गठबंधन की चचाएँ



तेज हो गई हैं। दरअसल मीडिया में ऐसी खबरें चल रही हैं कि महाराष्ट्र में राज ठाकरे की पार्टी मनसे भी भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन का हिस्सा बन सकती है।

महाराष्ट्र में गठबंधन को लेकर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 'महाराष्ट्र में सीट बंटवारे को लेकर दिल्ली में सकारात्मक चर्चा हुई। 80 फीसदी मुद्दे सुलझ गए हैं और बचे हुए 20 फीसदी मुद्दों पर चर्चा चल रही है। मुझे विश्वास है कि सभी मुद्दे जल्द सुलझ जाएंगे और एक अच्छा गठबंधन बनेगा।' महाराष्ट्र की राजनीति के जानकारों का कहना है कि राज ठाकरे की पार्टी मनसे की महायुति गठबंधन में एंट्री हो सकती है। ऐसी चर्चाएं हैं कि भाजपा मनसे को सीधे सीट न देकर शिंदे की शिवसेना के कोटे से एक सीट दे सकती है।

### फडणवीस ने दिए गठबंधन के संकेत

**इस बीच शनिवार को मनसे ने अपना 18वां स्थापना दिवस मनाया। नासिक के दादासाहेब गायकवाड़ सभागार में आयोजित हुए स्थापना दिवस समारोह में राज ठाकर ने कहा कि 'उनकी पार्टी हिंदू हित और मराठी लोगों के लिए काम करती रहेगी। राज ठाकरे ने अपने संबोधन में पूर्व की उद्धव ठाकरे सरकार पर भी निशाना साधा और उस सरकार को डरपोक करार दिया।' जब इसे लेकर डिप्टी सीएम फडणवीस से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'मनसे ने जो स्टैंड लिया है, वह हमारे स्टैंड से अलग नहीं है। हम क्षेत्रीय गौरव में विश्वास रखते हैं। महाराष्ट्र में मराठी मानुष के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए और उनकी विस्तृत भूमिका होनी चाहिए। मनसे ने हिंदुत्व की बात की, इसलिए हमारे और मनसे के स्टैंड में बहुत अंतर नहीं है। जहां तक चुनाव की बात है तो इस पर चर्चा हो रही है। समय आने पर सही फैसला किया जाएगा।'**



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## 370 के बाद कश्मीर

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के साढ़े चार साल बाद प्रधानमंत्री मोदी पहली बार कश्मीर घाटी में गए, तो फिजाएं बदली हुई थीं। प्रधानमंत्री जम्मू और लद्दाख क्षेत्रों में जाते रहे हैं, लेकिन घाटी में पहुंचना उनके लिए भी चुनौती थी। बहरहाल अब 'जन्नत' का नैसर्गिक रूप खिल रहा है। कश्मीर घाटी मन और सोच से भाजपा-विरोधी रही है, लेकिन अब 'हम हिंदुस्तानी हैं', 'भारत माता की जय' के नारे बुलंद थे। असंख्य लोगों को एक स्वर में उद्घोष करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अक्सर राजनीतिक जनसभाएं प्रायोजित होती हैं, भीड़ को लाया जाता है, लेकिन टीवी चैनलों पर आम कश्मीरी के बोल सुने, तो एकबारगी लगा कि कश्मीर अब खुलकर सांस लेने लगा है। आतंकवाद की घटनाओं में 73 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मौतें 81 फीसदी तक कम हुई हैं। अलगाववाद का खात्मा इसी से साफ है कि अब घाटी में दुकान, बाजार, फैक्टरी, स्कूल-कॉलेज आदि को बंद कराने वाली आवाजें खामोश हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं 'शून्य' हैं। शारदा मंदिर में इस बार दीपावली मनाई गई। सिनेमा हॉल खुल चुके हैं। दलितों, स्थानीय समुदायों को आरक्षण मिला है और महिलाओं के संवैधानिक अधिकार बहाल किए जा चुके हैं। कश्मीरी महिलाएं अपना जीवन-साथी 'गैर कश्मीरी' को भी चुन सकती हैं। औरतों को संपत्ति खरीदने की आजादी है। अब उनकी पैतृक संपत्ति में भी हिस्सेदारी तय है।

अब कश्मीर में जी-20 की बैठकें हुई, तो विदेशी प्रतिनिधियों ने नए कश्मीर को देखा और आनंद लिया। बीते साल 2 करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर की हसीन, खूबसूरत वादियों का सुख लेने आए, तो सरकार ने 30 सालों के लिए पीपीपी मॉडल पर अपनी 11 संपत्तियों को आउटसोर्स करने की योजना बनाई। होमस्टे पर खास जोर दिया जा रहा है। चूंकि लोगों की आवाजाही खुली और बढ़ी है, तो डल झील का नूरानी सौंदर्य भी लौट आया है। कश्मीरी पश्मीना शॉल, साडियों और सलवार-कमीज जैसे वस्त्रों का निर्यात बहाल हुआ है। कश्मीरी कहवा और केसर के नियार्ती बाजार भी खुल चुके हैं। जाहिर है कि अर्थव्यवस्था फलने-फूलने लगी होगी। कश्मीर घाटी अब देश की मुख्यधारा से जुड़ कर अनुच्छेद 370 का इतिहास और अतीत भूल चुकी है। किसी पारिवारिक सियासत का हिस्सा 370 अब भी होगा, लेकिन आम कश्मीरी का कोई विरोध नहीं है। उसे सिर्फ विकास और रोजगार की दरकार है। वह इससे खुश और देश से जुड़ा महसूस करता है कि 53 विकास योजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने घाटी में किया। गांव-गांव तक 10 फुट की सडकें बन रही हैं। करीब 25,000 खिलाडियों ने खेल मुकाबलों में हिस्सा लिया। कई खिलाड़ी तो राष्ट्रीय टीमों के सदस्य हैं। करीब 15 लाख परिवारों को 'पानी' मुहैया कराया गया। सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' फिजाओं में लहरा रहा है और भारत का संविधान, संसद द्वारा पारित किए गए कानून अब जम्मू-कश्मीर में भी प्रभावी और प्रासंगिक हैं। कश्मीर में दो एम्स खुल चुके हैं, जाहिर है कि स्वास्थ्य भी सरकार के लिए अहम सरोकार है। ये तमाम उपलब्धियां और बदलाव एक ही दौर की देन नहीं हैं और न ही किसी व्यक्ति-विशेष से जुड़ी हैं। यह बीते 10 साल का यथार्थ है, जो कश्मीर में अब मूर्त रूप ले रहा है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# उ.प्र के पूर्व राज्यपाल राम नाईक के हाथों मंडपेश्वर गुफा शिवमंदिर सौंदर्यकारण लोकार्पण संपन्न

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा नेता राम नाईक के हाथों से ८ मार्च महाशिवरात्रि और महिला दिवस के अवसर पर उत्तर मुंबई के बोरीवली पश्चिम में स्थित प्राचीन इतिहास कालीन मंडपेश्वर गुफा शिव मंदिर के कायाकल्प प्रकल्प का लोकार्पण उदाघाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उल्लेखनीय तौर पर सांसद गोपाल शेट्टी के अथक प्रयासों और संघर्ष से आज यह प्राचीन गुफा को अकल्पनीय सौंदर्य प्राप्त हुआ है।



**15 किलो चांदी का शिवलिंग की स्थापना-** १५ किलो चांदी के शुभ्रतम शिवलिंग का स्थापन सां.गोपाल शेट्टी पत्नी ऊषा शेट्टी के द्वारा ७ मार्च को किया गया ।वहीं तीन दिवसीय आयोजित महोत्सव के अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा नेता राम नाईक ने लोकार्पण करते समय कहा की, '' जैसे अयोध्या में राम मंदिर, वैसे बोरीवली में शिव मंदिर !!''

वहीं स्थानीय स्थानिक विधायिका मनीषा ताई चौधरी ने अपने भाषण में महाराष्ट्र राज्य के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार के द्वारा किए गए सहकार्य का विशद ब्यौरा रखा। मंडपेश्वर गुफा परिसर में पानी,बिजली, पाथ वे, रुद्राक्ष एवम् बिलीपत्र वृक्षारोपण, बैठने के लिए बैंच एवम् सौंदर्यकरण के अनेक कार्य संपन्न हुए हैं ।तथा भविष्य मे भी कार्य चालू है। भरत नाट्यम, अखंड रामायण, लघु रुद्र, हिंदी भक्ति संगीत जैसे अनेक रंगारंग सांस्कृतिक धार्मिक कार्यक्रम इन तीन दिनों में संपन्न हुए हैं। किनकी रही कार्यक्रम मे उपस्थित -इस कार्यक्रम में इस वास्तु के विकास में मुख्य भूमिका निभाई वैसे सर्व श्री पूर्व विधायक घनश्याम दुबे , संतोष सिंह, हरीश शेट्टी, मुकेश भंडारी, विकल , उत्सव समिति के अध्यक्ष मधुकर भंडारकर, रजनी अग्रवाल, एड. जयप्रकाश मिश्रा, करुणाशंकर ओझा, डॉ. योगेश दुबे, मनुभाई शाक वाला, विश्व हिंदू परिषद के रमेश भाई शाह, रामकृपाल उपाध्याय, विनोद शास्त्री एवम् कई प्रतिष्ठित समाज सेवी, दान दाताओं का सम्मान राम नाईक के हाथों किया गया।

# विधायक दिलीप लांडे ने प्रेसकांफ्रेंस कर भ्रस्टाचार करने वाले लोगों की निष्पक्ष जांच की मांग

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** कांग्रेस विरोधी विपक्षी नेता विजय वट्टीवार,पूर्व विधायक आरिफ नसीम खान के संदेश नगर, क्रांतिनगर , जरीमारि इलाके मे पूर्नवसन के नाम पर 53 फ्लेटो को दूसरे को बेचे जाने का लगाये गये आरोपों का दिया करारा जवाब । विधायक दिलीप लांडे ने प्रसार मध्यमो से बातचीत के जरिये कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,राज्य की एकनाथ सरकार निष्पक्ष तरीके से जांच कर दोषियों पर कड़ी कारवाई की जाये। ताकि चंदीवालि निर्वाचन क्षेत्र की जनता को भी मालूम हो सके की उस दौरान के कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक, पालक मंत्री रहे चुके आरिफ नसीम खान ने क्यों नहीं पूर्नवसन प्रकल्प बाधितो का किया। गिरफ्तार आरोपी सुभाष यादव, तौफीक किसके आदमी है, तौफीक के पास 12 झोपड़े आखिर कैसे आये। विरोधी विपक्षी नेता को पूर्व विधायक अधूरी जानकारी देकर गुमराह करने का आरोप लगाया है। वो भाविष बतायेगा की दाएँ वाला जेल जायेगा या बयां वाला। गौरतलब हो की



2007 मे रहीवासियों को शासन का नोटिस मिला ।नागरिकों के घरों को पात्र आपत्र करने का काम 2011 तक चलता रहा है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के नियम के हिसाब से प्रति फैलेट धारक को मेंटेंस का चार हजार रुपया भरना था तकरीबन दस हजार फैलेटो रुपया आखिर क्यों नहीं भरा गया। कहा जाता है की इसके जिम्मेदार उस दौरान के पालक मंत्री विधायक नसीम खान जिम्मेदार है। वहीं उस दौरान अचार सहिंता लगने के कारण 93 पात्र नागरिकों को एच डी एल मे जर्जर अवसथा मे बिल्डिंग होने के कारण फैलेट नहीं दिये गये थे ।इतना ही नहीं उस दौरान अधिकांश नागरिक सर्वे के दौरान गावों जाने के कारण घरों मे ताला लगा होने के कारण आपात्र कर दिया गया।

# कंपनी मालिकों का पानी चोरी करना पड़ा महंगा... पानी चोरी का केस दर्ज

**भिवंडी :** भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत होटल, कपड़ा डाइंग कंपनी मालिकों द्वारा पालिका की मुख्य जलवाहिनी में छेद कर भारी मात्रा में पेयजल चोरी करने व कई क्षेत्रों में कम दाब तथा कम मात्रा में पानी आने की शिकायतें पालिका के प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य को मिल रही थी। शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जलापूर्ति विभाग के प्रभारी अभियंता संदीप पटनावर के नेतृत्व में पानी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सात सदस्यों वाली टीम का गठन किया गया। पथक प्रमुख विराज भोईर अपने टीम के नफीस, अरफात, शादाब, संतोष, रत्नदीप तथा लक्ष्मण गायकवाड़ के साथ पालिका के जलवाहिनी का निरीक्षण कर पानी चोरी कर रहे लोगों के खिलाफ स्थानीय पुलिस थानों में फौजदारी के तहत केस दर्ज करवा रहे है।

# रामदास अठावले छात्रावास के छात्रों का मासिक गुजारा भत्ता दोगुना करेंगे

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने चेंबूर में संत एकनाथ सरकारी वास तिगृहा का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की और छात्रों की विभिन्न समस्याओं और सवालों के बारे में जाना। रामदास आठवा ने आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों को हर माह मिलने वाला गुजारा भत्ता महंगाई सूचकांक के अनुसार दोगुना कर दिया जाएगा.



छात्रावास की समय-समय पर साफ-सफाई की जाए, समय-समय पर छात्रों को स्वास्थ्य सुविधाएं एवं मेडिकल जांच की जाए। उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं दी जानी चाहिए। छात्रावास में सुरक्षा गार्ड रहने चाहिए। भोजन सुविधाएं स्वस्थ होनी चाहिए और नियमित रूप से प्रदान की जानी चाहिए। इसके साथ ही रामदास अठावले ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए.

इस अवसर पर समाज कल्याण उपायुक्त प्रसाद खैरनार, अंबेडकर स्टूडेंट एसोसिएशन के कई छात्र प्रतिनिधि उपस्थित थे. रिपब्लिकन पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय डोलसे; तालुका अध्यक्ष रवि गायकवाड़; महादेव साल्वे रिपा यूथ एसोसिएशन के मुंबई अध्यक्ष सचिनभाई मोहिते; रिपब्लिकन बहुजन विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष चन्द्रशेखर कांबले; सचिन बनसोडे सहित कई रिपा के पदाधिकारी उपस्थित थे। हम प्रदेश भर में छात्रावास के छात्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। पिछले सप्ताह हमने राज्य भर के छात्रावास छात्रों की समस्या को लेकर स'ाद्री गेस्ट हाउस में समाज कल्याण विभाग की एक संयुक्त बैठक आयोजित की थी. अठावले ने बताया कि इसमें कई समस्याओं का समाधान किया गया है मैं अभी हॉस्टल से आया हूं. छात्रावास में छात्र रहते हुए ही वे महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री बने। इसलिए मैं छात्रों के प्रश्नों को जानता हूं। इसलिए अठावले ने आश्वासन दिया कि इन सभी मुद्दों का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा. चेंबूर में 1000 छात्रों की क्षमता वाला एक नया छात्रावास बनाया जा रहा है। उस छात्रावास में छात्रों को सभी सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी. अठावले ने अधिकारियों को छात्रों को खेल का मैदान उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया।



# कल्याण- डोंबिवली के अंतर्गत आने वाले 14 गांव नवी मुंबई मनपा में शामिल...



**मुंबई** : सीएम एकनाथ शिंदे ने कल्याण- डोंबिवली नगर निगम की सीमा के अंतर्गत आने वाले 27 गांवों के नागरिकों को राहत देते हुए 14 गांवों को नवी मुंबई नगर निगम में शामिल करने के फैसले की घोषणा की। उल्हासनगर में अनाधिकृत निमार्णों पर रोक लगाने के संबंध में आगामी कैबिनेट में निर्णय लेने की घोषणा करते हुए सीएम ने संत सावलाराम क के लिए जगह आवंटित करने स्मारक की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री द्वारा वर्षा निवास पर कल्याण डोबिवली, उल्हासनगर, नवी मुंबई के 14 गांवों के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। इन 14 गांवों को पहले नवी मुंबई मनपा से बाहर रखा गया था। इसके बाद इन्हें फिर से नवी मुंबई में शामिल कर लिया गया है। नवी मुंबई के 14 गांवों को इसमें शामिल करने का फैसला लिया गया है। 27 गांवों को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया। कल्याण-डोंबिवली के सांसद ने बताया कि 2017 की तरह टैक्स लगाने का फैसला आज लिया गया है। इस बैठक में 27 गांवों, कल्याण डोंबिवली नगर निगम के भीतर पुनर्विकास, नवी मुंबई नगर निगम में 14 गांवों को शामिल करने, उल्हासनगर में अनधिकृत निमार्णों को नियमित करने, संत सावलाराम स्मारक के लिए जगह आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। कल्याण डोंबिवली नगर निगम सीमा के तहत 27 गांवों में संपत्ति कर का मामला लंबित था। सीएम ने निर्देश दिया कि 2017 की दर के अनुसार ही टैक्स लगाया जाए। नवी मुंबई मनपा में 14 गांवों को शामिल करने की भूमिपुत्रों की मांग को स्वीकार कर लिया गया है और इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई है।

# बीजेपी और शिवसेना सांसदों, विधायकों को टॉयलेट फंड में प्राथमिकता, जानें मुंबई में कितने शौचालय बनाएगी BMC



**मुंबईः** विकास फंड के बाद मुंबई में टॉयलेट के लिए आवंटित फंड में भी सत्ताधारी बीजेपी और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) के सांसदों और विधायकों को प्राथमिकता दी गई है। मुंबई में प्रत्येक नागरिक को शौचालय की सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए बीएमसी बड़े पैमाने पर पुराने शौचालयों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कर रही है। बीएमसी लॉट 12 के तहत मुंबई में 559 शौचालयों के निर्माण पर 543 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसके तहत मुंबईकरों को 14166 शौचालय सीट उपलब्ध होंगे। वहीं म्हाडा के 3913 शौचालय में से 2987 बीएमसी को हैंडओवर हो चुके हैं। इसमें से पहले चरण में 1504 टॉयलेट को बीएमसी बनाएगी। इसके लिए 157 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है।

इसमें सबसे ज्यादा फंड कांदिवली, दहिसर, गोरेगांव, घाटकोपर और अंधेरी में आवंटित किए गए हैं। वहीं चेंबूर, गोवंडी, कुर्ला, भांडुप जैसी एरिया में सबसे कम फंड आवंटित किए गए हैं। डीपीसी फंड के माध्यम से 1504 टॉयलेट की मरम्मत की जाएगी। इसके लिए 188 करोड़ रुपये का फंड है।

किसे कितना फंड

बीएमसी इन शौचालयों का निर्माण और मरम्मत करेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीएमसी के 16 विधायकों, 3 सांसदों और कुछ पूर्व नगरसेवकों की एरिया में बड़े पैमाने पर शौचालय निर्माण और मरम्मत के लिए फंड का आवंटन किया गया है। इसी तरह शिंदे सेना के 5 विधायकों और पूर्व नगरसेवकों की एरिया में प्राथमिकता के आधार पर फंड दिया गया है, जबकि विपक्षी कांग्रेस, उद्धव सेना और सपा विधायकों की एरिया में नाममात्र का फंड बीएमसी ने स्वविवेक से दिए हैं। मुंबई पश्चिम और पूर्व उपनगर के 15 वॉर्डों के लिए यह फंड आवंटित किए गए हैं।

'यह गरीबों के साथ अन्याय है। ज्यादातर शौचालय स्लम में बनना है, जिसका उपयोग गरीब लोग करेंगे। यदि विधायक और सांसद देख कर बीएमसी फंड आवंटित करेगी तो गलत परंपरा पड़ेगी। यह मुंबई की गरीब जनता के साथ अन्याय है।' रवि राजा, पूर्व नेता विपक्ष, बीएमसी

बता दें कि उपनगर के पालक मंत्री मुंबई में बड़े पैमाने पर शौचालय निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं। बीएमसी में पूर्व नेता विपक्ष रवि राजा ने कहा कि शौचालय मूलभूत जरूरत है, इसमें राजनीति नहीं करनी चाहिए। यह ज्यादातर स्लम में एरिया में बन रहे हैं, इसलिए चुनकर नहीं, बल्कि जरूरत के हिसाब से शौचालय का निर्माण होना चाहिए।

# वायू प्रदूषण का सटीक रिकार्ड रखने मनपा खरीदेगी चार मोबाइल वैन

**मुंबई** : पिछले साल दिसंबर महीने में मुंबई में वायू प्रदूषण का स्तर काफी नीचे चला गया था। हालात यहां तक हो गया था की एक समय दिल्ली से मुंबई प्रदूषित शहर बन गया था। मनपा द्वारा की गई उपाय योजना के बाद मुंबई का वायु प्रदूषण का स्तर काफी कम हो गया। मनपा प्रशासन ने वायु प्रदूषण की अचूक जानकारी रखने के लिए चार मोबाइल वैन खरीदने का निर्णय लिया है। मनपा के पास अभी मात्र एक मोबाइल वैन उपलब्ध है। मुंबई में हवा की गुणवत्ता जैसी ही खराब हुई मनपा प्रशासन उपाय में जुट गई। मनपा ने अक्टूबर, 2023 में एक परिपत्र जारी किया और 16 सूत्रीय कार्यक्रम कार्यक्रम जारी किया। जिसमे निर्माण स्थलों पर प्रदूषण को नियंत्रण के उपायों को लागू करने के लिए कार्रवाई की चेतावनी दी। सर्कुलर में दिए गए दिशा-निर्देशों को लागू नहीं करने वालों पर मनपा द्वारा कार्रवाई की जा रही है। मनपा ने कार्रवाई के लिए विशेष टीमें तैनात की हैं।मनपा द्वारा कार्रवाई किए जाने के दौरान यह भी सामने आया कि प्रदूषण का स्तर यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक मापने की व्यवस्था में भी काफी खामियां है। मनपा की ओर से फिलहाल भायखला, घाटकोपर, गोवंडी, कांदिवली, शिवडी में प्रदूषण के स्तर को मापने के लिए एक प्रणाली स्थापित है। लेकिन मुंबई भर के विभिन्न स्थलों के वायु प्रदूषण की अचूक जानकारी के लिए केवल एक मोबाइल वैन है. जिससे पूरे मुंबई का वायु की गुणवत्ता की सटीक जानकारी मिलना मुश्किल था। मनपा ने इसी के चलते चार प्रदूषण मोबाईल वैन खरीदने का निर्णय लिया है। जिससे शहर में प्रदूषण का सटीक रिकॉर्ड मिलेगा उस पर उपाय योजना करने में आसानी होगी।



**इसलिए अतिरिक्त संख्या की आवश्यकता है**

मनपा की हेल्पलाइन पर प्रदूषण को लेकर कोई बड़ी शिकायत आती है तो मनपा घटना स्थल पर मोबाइल वैन भेजकर तुरंत प्रदूषण का स्तर मापा जाएगा। जिससे वायु प्रदूषण रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जा सके। फिलहाल मनपा के पास एक ही वैन होने के कारण शिकायतों पर ध्यान देना मुश्किल था। इसलिए शहर के आकार को देखते हुए 4 वैन और ली जा रही है ।

**नियंत्रण बोर्डो के तंत्र**

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का बांद्रा, बोरीवली पूर्व, मुंबई एअर पोर्ट , कोलाबा, कांदिवली पूर्व, कुर्ला, मुलुंड पश्चिम, पवई, सायन, विलेपार्ले, वर्ली, बीकेसी, बोरीवली पूर्व, अंधेरी पश्चिम-चकला में वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (एअर क्वालिटी मॉनिटरींग सिस्टम) सिस्टम स्थापित किया गया है।

# मुंबई के पास एक और सी-लिंक, 10 मिनट में पूरा होगा 2 घंटे का सफर, रेवस-करंजा ब्रिज



**मुंबई** : मुंबई-एमएमआर के इलाकों में आवागमन को आसान बनाने के लिए कई इंफ्रा प्रोजेक्ट का काम शुरू है। मुंबई को नवी मुंबई को जोड़ने वाले देश के सबसे लंबे मुंबई ट्रांसहार्बर सी लिंक ब्रिज के शुरू हो जाने के बाद अब रायगढ़ जिले के समुद्री किनारों की कनेक्टिविटी बढ़ाने का काम किया जा रहा है। मुंबई से अलीबाग की यात्रा आसान बनाने के लिए धरमतर के पास समुद्री खाड़ी पर रेवस-करंजा ब्रिज का निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। इस सी लिंक के निर्माण की निविदा एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर ने जीत ली है।

समुद्र में 2.04 किमी लंबे इस ब्रिज के लिए एफकॉन और एचसीसी ये दो कंपनियां मैदान में थीं। अंतिम निविदा प्रक्रिया में एफकॉन ने 2963.97 करोड़ की बोली लगाई जबकि एचसीसी का प्रस्ताव 3146.26 करोड़ का था। एमएसआरडीसी ने लोएस्ट बिड लगाने वाले एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर को आखिरकार रेवस-कारंजा ब्रिज बनाने का ठेका दे दिया। वैसे एमएसआरडीसी ने इस ब्रिज के लिए 2079 करोड़ का एस्टीमेट बनाया था, लेकिन समय के साथ 42.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है।

# झाड़-फूंक की आड़ में महिला से दुष्कर्म, मुंबई से आया था परिवार... मौलाना गिरफ्तार



**मुंबई** : मुंबई से परिवार के अन्य लोगों के साथ बसखारी के किछौछा दरगाह आई महिला से मौलाना ने झाड़-फूंक की आड़ में दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई की महिला अपनी सास, ससुर व पति के साथ किछौछा दरगाह के सैय्यद मोहम्मद अशरफ के खानकाह में रुकी थीं। मौलाना मोहम्मद अशरफ गुरुवार की रात झाड़-फूंक के लिए महिला के कमरे में पहुंचा। उसने बहाने से पति को बाहर करके महिला के साथ दुष्कर्म किया। महिला ने इसकी जानकारी पति समेत सास-ससुर को दी और बसखारी थाने पहुंचकर मौलाना के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की।

मौलाना शुक्रवार को जलालपुर रोड पर चंद्रभान चौराहे के निकट पुलिस की गिरफ्त में आ गया। महिला को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है। एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपित मौलाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। महिला का मेडिकल और कोर्ट में कलमबंद बयान के बाद शीघ्र चार्जशीट दाखिल कर सजा दिलाई जाएगी। ऐसे अन्य मामलों को चिह्नित कराकर आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जाएगी।

# सांसद राहुल शेवाळे के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने शिवसेना शिंदे गट में सैकड़ों की संख्या में किया प्रवेश



मुंबईः कांग्रेस अणुशक्ती नगर अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सय्यद शाहरुख ने सांसद राहुल शेवाळे के नेतृत्व में शिवसेना शिंदे गट में अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों के साथ प्रवेश किया।

# कंपनी मालिकों का पानी चोरी करना पड़ा महंगा... पानी चोरी का केस दर्ज

**भिवंडी** : भिवंडी मनपा क्षेत्र अंर्तगत होटल, कपड़ा डाइंग कंपनी मालिकों द्वारा पालिका की मुख्य जलवाहिनी में छेद कर भारी मात्रा में पेयजल चोरी करने व कई क्षेत्रों में कम दाब तथा कम मात्रा में पानी आने की शिकायतें पालिका के प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य को मिल रही थी। शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जलापूर्ति विभाग के प्रभारी अभियंता संदीप पटनावर के नेतृत्व में पानी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सात सदस्यों वाली टीम का गठन किया गया।



# क्या संबंधित को निलंबित कर जांच करायी जायेगी? आदित्य ठाकरे ने लिया जनमत...

**मुंबई:** अंधेरी के गोखले ब्रिज की इस वक्त हर तरफ से आलोचना हो रही है। ठाकरे समूह के विधायक आदित्य ठाकरे ने कल (शुक्रवार) राज्यपाल रमेश बैस से इस पुल के पुनर्निर्माण की विफलता के लिए जिम्मेदार नगर निगम आयुक्त इकबाल सिंह चहल और संबंधित रेलवे अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की है। इसलिए आज शनिवार को उन्होंने इस पर लोगों की राय जानने के लिए ट्विटर पर एक पोल लिया है. मुंबई में 3 जुलाई 2018 को अंधेरी में गोपाल कृष्ण गोखले पुल का एक हिस्सा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई थी. इस पुल की मरम्मत का कार्य नगर पालिका द्वारा कराया गया था। इस पुल के पुनर्निर्माण का कार्य आदेश 20 अप्रैल 2020 को दिया गया था. पुल का पुनर्निर्माण कार्य 15 मार्च, 2021 को शुरू हुआ। तो अब इस पुल की पश्चिम से पूर्व की ओर जाने वाली एक लेन को मुंबई उपनगरीय जिले के संरक्षक मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने 26 फरवरी से खोल दिया है. लेकिन बर्फीवाला पुल और नया गोखले पुल जुड़ेंगे, लेकिन ऊंचाई में करीब डेढ़ मीटर का अंतर है। इस समस्या के समाधान के लिए वीरमाता जीजाबाई टेक्निकल इंस्टीट्यूट (वीजीटीआई) की मदद ली जा रही है।



इसे लेकर राज्य के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे आक्रामक हो गए हैं और उन्होंने सीधे राज्यपाल बैस को पत्र भेज दिया है. मुंबई नगर निगम और रेलवे प्रशासन द्वारा गोखले ब्रिज का पुनर्निर्माण देश के लिए शर्मिंदगी की बात है। फिर भी दोनों प्रशासन एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इसलिए नगर आयुक्त चहल, जिनकी इस प्रोजेक्ट में मुख्य जिम्मेदारी है, को रेलवे के संबंधित अधिकारियों के निलंबन के आदेश जारी करने चाहिए. उन्होंने तर्क दिया है कि ताकि वे परियोजना के साथ छेड़छाड़ न कर सकें और करदाताओं के करोड़ों रुपये को खुलेआम बर्बाद करने के लिए निष्पक्ष जांच का सामना कर सकें। तो क्या आज शनिवार को गोखले ब्रिज को गलत बनाकर मुंबईकरों को लूटने वाले मुंबई नगर निगम के प्रशासक इकबाल सिंह चहल और रेलवे अधिकारियों को निलंबित कर आदित्य ठाकरे जांच करेंगे? यह सवाल नागरिकों से पूछा गया है. हां, नहीं - चार विकल्प दिए गए हैं जो मुख्यमंत्री के पसंदीदा हैं, भाजपा में शामिल हो जाओ और अरे, पदोन्नत हो जाओ।

# विक्रोली में रेप पीड़िता ने की आत्महत्या


## मुंबई के विक्रोली में 34 वर्षीय रेप पीड़िता ने की आत्महत्या !

**मुंबई :** शादी का प्रलोभन देकर एक युवक ने 34 वर्षीय महिला से कई बार दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़िता ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली और विक्रोली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता विक्रोली के टैगोर नगर इलाके में रहती थी। महिला काफी दिनों से उसी इलाके में रहने वाले जिशान बेग (32) के साथ रिलेशनशिप में थी। इस बीच आरोपी ने महिला को शादी का प्रलोभन देकर कई बार दुष्कर्म किया। लेकिन कुछ महीनों के बाद बेग ने उससे शादी करने से इंकार कर दिया और पीड़िता ने विक्रोली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।



तदनुसार, पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कई बार अनुरोध और मिन्नत के बाद भी आरोपी ने पैसे नहीं दिए। आखिरकार 21 फरवरी को पीड़िता ने अपने शरीर पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली। उसके परिवार ने तुरंत उसे सायन अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन बुधवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

# मनपा ने मानसून पूर्व खुले मैनहोल पर जालियां लगाने के लिए 35 करोड़ का निकाला टेंडर



**मुंबई :** मानसून आने में अब तीन और महीने का समय रह गया है। मनपा प्रशासन ने मानसून पूर्व मुंबई भर में मैनहोल को सुरक्षा की दृष्टि से उन पर जालियां लगाना तेज कर दिया है ।मनपा के 25 वार्डो ने अपने स्तर पर टेंडर निकाल कर जालियां लगाने की प्रक्रिया शुरू की है जिसके लिए लगभग 35 करोड़ का टेंडर निकाला गया है। मानसून के दौरान पानी भर जाने पर खुले मैनहोल में लोगों के गिर जाने की घटना के बाद मुंबई हाईकोर्ट की लगी फटकार के बाद मनपा ने मैनहोल की सुरक्षा पर जोर दिया है। मुंबई में लगभग 4 लाख से अधिक मेनहोल हैं । जिनमें से 73 हजार मेनहोल सीवरेज विभाग के अधीन हैं और 35 हजार से अधिक मेनहोल स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज विभाग के अंतर्गत आते हैं।

इन दोनों विभागों ने बाढ़ की स्थिति वाले स्थानों पर करीब 1600 मैनहोल पर अत्याधुनिक जालियां लगाई गई थीं। 1900 मेनहोल पर जाली लगाने का अध्ययन किया गया था। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि जलजमाव वाले स्थानों पर मेनहोल का सर्वे किया गया था। जिसमे करीब 24 हजार 647 मेनहोल वाले स्थान पर पानी जमा होता है।

मुंबई भर में कुल मैनहोल में पूर्वी उपनगर में 91 हजार, 998 मेनहोल है जबकि पश्चिमी उपनगर में 2 लाख, 43 हजार, 180 और शहर में करीब 40 हजार मेनहोल हैं। इनमें से करीब 4000 मेनहोल में सुरक्षात्मक जाली लगाई गई है। मनपा ने उन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षात्मक जाल लगाने का अभियान चलाया है जहां विशेष रूप से भारी बारिश के दौरान पानी जमा होता है। मुंबई में मैनहोल की बड़ी संख्या को देखते हुए आगामी मानसून से पहले सुरक्षात्मक जाल लगाने का काम पूरा करने का लक्ष्य है।

# ठाणे में दहेज के लिए महिला को ससुराल वालों ने किया प्रताड़ित... पति समेत 3 लोगों पर केस दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में चेन्नई निवासी उसके पति और परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह मामला ठाणे जिले में कल्याण के खडकपाडा पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। महिला ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा है कि नवंबर 2020 में उसकी शादी दक्षिणमूर्ति राममूर्ति के साथ हुई थी। शुरूआत में सब कुछ ठीक था, लेकिन बाद में सास-ससुर ने उसे मामूली बातों पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।



उन्होंने उसके मायके के लोगों से 50 लाख रुपये और सोने की एक अंगूठी की भी मांग की। महिला ने जब मांगें पूरी करने में असमर्थता जताई तो उन्होंने उसे कल्याण स्थित उसके मायके में छोड़ दिया। शिकायत में कहा गया है कि पिछले दो साल से 40 वर्षीय महिला अपनी मां के साथ रह रही है क्योंकि उसका पति और उसके परिवार के लोग उसे अपने घर नहीं ले जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने महिला के पति और उसके परिवार के तीन सदस्यों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और जांच जारी है।

# केईएम अस्पताल को 16 अतिरिक्त नए गहन देखभाल बिस्तर मिलेंगे

**मुंबई :** मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केईएम अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में 16 नए बेड उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें से आठ बेड न्यूरोसर्जरी विभाग और आठ बेड न्यूरोफिजियोलॉजी विभाग को दिए गए हैं। इसके साथ ही नेफ्रोलॉजी विभाग में डायलिसिस सेंटर में बेड की संख्या भी बढ़ा दी गई है। जिससे रक्त शुद्धिकरण का इंतजार कर रहे मरीजों को राहत मिलेगी। परिणाम- स्वरूप, केईएम अस्पताल की गहन देखभाल इकाई में अपर्याप्त बिस्तरों की समस्या आंशिक रूप से हल हो गई है।

# टैक्स क्रेडिट के फर्जी दावे से जुड़े रैकेट का भंडाफोड़ !

## करोड़ों रुपए की हेराफेरी का हुआ खुलासा...

**मुंबई :** एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने महाराष्ट्र के पालघर में एक योजना की खोज की, जिसमें नकली फर्मों और चालानों का उपयोग करके लगभग 25 करोड़ रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सीजीएसटी के पालघर कमिश्नर (मुंबई जोन) द्वारा हैकनअप ट्रेडिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड की जांच शुरू करने के बाद धोखाधड़ी का पता चला, जिसके बाद पता चला कि इसका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कंपनी के निदेशक नीलेश बी शाह ने अधिकारियों को बताया कि




उन्होंने जीएसटी धोखाधड़ी करने के लिए किरण कंथारिया और मनीष शाह के अनुरोध पर कंपनी और अनगिनत अन्य काल्पनिक फर्मों की स्थापना की। रिपोर्ट्स के मुताबिक आगे की जांच में पाया गया कि कंथारिया के फर्जी उद्यमों ने वास्तव में वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति किए बिना फर्जी चालान का उपयोग करके अवैध रूप से ''11.02 करोड़ रुपए के अयोग्य आईटीसी का दावा किया और 14.7 करोड़ रुपए के आईटीसी का लाभ उठाया। कथित तौर पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) एक पंजीकृत इकाई द्वारा अपने व्यावसायिक संचालन में इनपुट के रूप में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं या सेवाओं की खरीद पर भुगतान किया गया जीएसटी है। यदि कुछ शर्तें पूरी होती हैं तो बिक्री पर देय जीएसटी के विरुद्ध आईटीसी जमा किया जा सकता है। अधिकारी ने खुलासा किया कि जांच के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर कंथारिया को सीजीएसटी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने शुक्रवार को लगभग 8 लाख रुपए मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा और तंबाकू का सामान जब्त किया। रिपोर्ट्स के अनुसार एक एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, भिवंडी जिले की शांति नगर पुलिस ने बुधवार को एक पान बूथ की तलाशी ली और पाया कि वहां गुटखा और तंबाकू का सामान रखा और बेचा जा रहा था, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों के कारण राज्य में अवैध है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com